17

आनंदमयी कविता

# हवा



ऊपर-नीचे दाएँ-बाएँ,
हवा चली साँय-साँय।
मुन्नी को छेड़कर,
चढ़ गई पेड़ पर।
हाथ नहीं आऊँगी,
दूर मैं उड़ जाऊँगी।
मुन्नी बोली हँसकर,
हवा रानी बस कर।
पकड़ तुझे मैं लाऊँगी,
फुग्गे में ले जाऊँगी।

*– शिवचरण सरोहा*

## चित्रकारी


**मान लीजिए कि मुन्नी ने हवा से भरे फुग्गे आपको दे दिए। आप उन फुग्गों से क्या करेंगे? सोचिए, चित्र बनाइए और कुछ शब्द भी लिखिए –**

कुछ शब्द नीचे दिए गए हैं, आप उनमें से भी शब्द चुन सकते हैं।

हवा फुग्गा गुब्बारा खेल मुन्नी



**चित्र में देखकर बताइए कि मुन्नी के बाईं ओर, दाईं ओर, उसके आगे और उसके पीछे क्या-क्या दिख रहा है –**



मुन्नी के दाईं ओर – ........................., .........................

मुन्नी के बाईं ओर – ........................., .........................

मुन्नी के आगे – ........................., .........................

मुन्नी के पीछे – ........................., .........................

## भूल-भुलैया

**घोड़े को जंगल तक पहुँचाइए। यह घोड़ा केवल 'ओ' के रास्ते पर ही चलता है और अन्य अक्षरों पर रुक जाता है।**





| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ओ | औ | ओ | क | औ | ज |
| औ | ओ | औ | ट | औ | प |
| ओ | स | म | औ | र | ल |
| छ | ओ | औ | ठ | न | अ |
| ब | औ | ओ | ओ | क | झ |
| थ | ग | व | च | ओ | ओ |



